# उल्लास परियोजना साक्षरता, आत्मनिर्भरता और आजीवन सीखने की दिशा में एक सशक्त पहल–डीईओ





**कुरूक्षेत्र (दैनिक हाक):** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाण–पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालडा व जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा रहे। प्रधानाचार्य राजेश पराशर व विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने मुख्यातिथि से ज्योति प्रज्ज्वलित और पौधारोपण करवा कर स्वागत किया। सुधीर कालड़ा ने अपने संबोधन में उल्लास कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना वयस्क साक्षरता, आत्म निर्भरता और आजीवन सीखने की दिशा में एक सशक्त पहल है। जो लोग औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए हैं उन वयस्कों को बुनियादी साक्षरता, अंकगणित, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, डिजिटल, वित्तीय, और कानूनी ज्ञान सिखाकर सशक्त बनाना है उन्होंने सभी शिक्षार्थियों को आगे भी निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत सीआरसी अधोया के साक्षरता प्रदान करने वाले 14 स्वयंसेवक शिक्षकों, 11 सर्वेयरों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा–पत्र और 62 नव–साक्षर शिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत सीआरसी अधोया के बारे में सर्वेयर संजीव कुमार ने बताया कि अब तक 476 शिक्षार्थियों का पंजीकरण हुआ है और इनमे से 219 शिक्षार्थी उत्तीर्ण हो चके है प्रधानाचार्य राजेश पराशर, राजेश शर्मा और डॉ बलवंत सिंह ने आये हुए अधिकारियों को स्मृति–चिन्ह और पौधा देकर धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल स्कूल तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज के हर वर्ग तक पहुँचना आवश्यक है। उल्लास कार्यक्रम इसी सोच को साकार कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवक शिक्षकों ने साक्षर भारत के निर्माण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के इएसएचएम राय सिंह, प्रवक्ता राजीव कुमार, कप्तान सिंह, पवन पराशर, वीरभान, चन्द्रशेखर, बंटी कुमार, महावीर, एबीआरसी पूनम रानी, ईशा बतरा, मनजीत कौर व समस्त सदस्य मौजूद रहे।

# एसवाईएल नहर से युवक का शव हुआ बरामद

**कुरूक्षेत्र (दैनिक हाक):** वीरवार को ज्योतिसर के समीप एसवाईएल नहर से युवक वरूण सिंगला का शव बरामद हो गया है। गोताखोरों ने शव को नहर में से बाहर निकाला और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एलएनजेपी अस्पताल भिजवाया। 3 फरवरी को युवक वरूण सिंगला और युवती आरूषि कार सहित नहर में गिरे थे, आरूषि का शव कार में से मिला था और युवक वरूण सिंगला पानी के बहाव में बह गया था। इसके बाद एसडीआरएफ की टीमें लगातार सर्च अभियान चला रही थी। वीरवार दोपहर को एसडीआरएफ और पटियाला से आए गोताखोर आशु मलिक की टीम ने युवक के शव को नहर से बाहर निकाला। युवक पिहोवा का रहने वाला था और चंडीगढ़ से बीबीए की पढ़ाई कर रहा था।



3 फरवरी को एक युवक और युवती कार सहित गिरे थे नहर में

# विज्ञान सम्मेलन में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कुरूक्षेत्र (दैनिक हाक):** हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विज्ञान सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा जीवन को सशक्त बनाना सतत भविष्य की ओर एक क्वांटम छलांग रहा। सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन वैज्ञानिक चुनौतियों पर विचार–विमर्श करना तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देना था। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि दीप्ति धमार्णी का स्वागत किया गया। आईआईएसईआर मोहाली के प्रो. अरविंद ने मुख्य भाषण में सतत विकास में विज्ञान की भूमिका पर प्रकाश डाला। पोस्टर मेकिंग, मॉडल प्रदर्शनी, विजुअल स्टोरी टेलिंग और क्विज प्रतियोगिता में जिले भर से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने सहभागिता की और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग में कीर्तिका कक्षा 8वीं को तृतीय स्थान तथा विजुअल स्टोरी टेलिंग में अन्वी कक्षा 8वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 1100 रुपए की नकद राशि जीती। तेजल व मान्या ने सांत्वना पुरस्कार तथा 500 रुपए की नकद राशि प्राप्त की। क्विज प्रतियोगिता में अतुलित रंजन, कार्तिक सचदेवा एवं दिव्यन्न की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 10,000 रुपये की नकद राशि जीती। सम्मेलन का समापन मुख्य अतिथि विजय नड्डा की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणास्पद रहा।




# शिक्षा विभाग और जनाग्रह के बीच हुआ एमओयू हस्ताक्षर

**कुरूक्षेत्र (दैनिक हाक):** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले के सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों में सक्रिय नागरिकता और 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से आज जिला प्रशासन, कुरुक्षेत्र, जिला शिक्षा विभाग, कुरुक्षेत्र तथा जनाग्रह सेंटर फॉर सिटीजनशिप एंड डेमोक्रेसी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू 5 फरवरी 2026 को हस्ताक्षरित हुआ, जिसके अंतर्गत सिविक एंड सोशल एक्शन प्रोग्राम (सीएसएपी) को आगामी दो वर्षों (2026–2028) के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। अहम पहलू यह है कि इस समझौते पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, जिला शिक्षा विभाग की ओर से डीईओ विनोद कौशिक ने




हस्ताक्षर किए और जनाग्रह सेंटर फॉर सिटीजनशिप एंड डेमोक्रेसी की ओर से प्रोग्राम मैनेजर – सिविक लर्निंग जितेश पांडे, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से सहायक प्राध्यापक डॉ. रघुबीर तेजेजा ने हस्ताक्षर किए। इस एमओयू हस्ताक्षर प्रक्रिया में मनीष सिंह जनाग्रह तथा मुस्कान यादव ने भी भाग लिया और समन्वय प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया।

# नौवें दिन भी बिजली कर्मियों का धरना जारी

**कुरूक्षेत्र (दैनिक हाक):** नौवें दिन आल हरियाणा पॉवर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन संबधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाण की पिहोवा यूनिट की शहरी सब यूनिट पिहोवा ने अपनी जायज मांगों और उपमंडल अधिकारी उतर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अड़ियल रवैया के खिलाफ 33 केवी पावर हाउस पिहोवा में शहरी सब यूनिट प्रधान मुकेश गोस्वामी की अध्यक्षता में उपमंडल अधिकारी उत्तर हरियाणा बिजली विरतण निगम शहरी प्रिंस बुरा के खिलाफ गेट मीटिंग की गई जिसका संचालन सब यूनिट सचिव सुरेंद्र कुमार ने किया। नारेबाजी बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी शहरी के खिलाफ की गई। पिहोवा यूनिट सचिव और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा पिहोवा ब्लॉक सचिव गुरचरण संधु ने कहा कि उपमंडल अधिकारी आज शिकायत केंद्रों पर चैकिंग करके शिकायत केंद्र पर जो कर्मचारी गेट मीटिंग में आ रहे है। उनकी एब्सेंट लगाने की कोशिश कर रहा है जिसकी कड़े शब्दों में निंदा की जाती है। यदि अधिकारी ने कर्मचारियों पर दबाव बनाया तो यूनियन बड़ा अन्दोलन करने को मजबूर होगी। यूनियन शांति पूर्ण गेट मीटिंग कर रही है जिसमें सर्व कर्मचारी संघ को भी आंदोलन में भाग लेगा।

अधिकारी सब यूनिट प्रधान सचिव का फोन भी नहीं उठाता। इस अधिकारी का अड़ियल रवैया संगठन के खिलाफ है। इस मौके पर प्रदीप सहारण, विजय कुमार, रमनदीप, कमल गोस्वामी, विजय सिंह, दीपक, वरुण गुप्ता, बिंदु, दिनेश कुमार, बंटी पाल, संदीप कुमार, अनिल कुमार, कमलेश, पूजा, महेंद्र वर्मा, सौरभ पाठानीय, लवली, पंकज पूरी, दिनेश राणा, रमन, अनिल, फकीर चंद, रूलदा, बलवान, राहुल आदि कर्मचारी मौजूद थे।



# 41वें राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे पशुपालन एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

**कुरूक्षेत्र (दैनिक हाक):** पशुपालन विभाग के उप निदेशक डा. अनिल बनवाला ने कहा कि कुरुक्षेत्र राज्य स्तरीय पशु मेले के रैंप पर बेशकीमती अच्छी नस्ल के पशु कैटवॉक करेंगे। इस मेले में प्रतियोगिता में अच्छी नस्ल का पुरस्कार जीतने वाले पशुपालकों को इनाम राशि भी दी जाएगी। इसके लिए सरकार ने करीब एक करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया है। इतना ही नहीं 6 से 8 फरवरी तक चलने वाले राज्य स्तरीय पशु मेले में रोजाना पंजीकरण करवाने वाले किसानों को भी बुलेट जैसे आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। इस पुरस्कार के लिए रोजाना सायं के समय लक्की ड्रा से विजेताओं के नाम निकाले जाएंगे। उपनिदेशक डा. अनिल बनवाला ने वीरवार को केडीबी मेला क्षेत्र में बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा के पशुपालन एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा 6 फरवरी को 41 वें राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के



विधायक भगवानदास कबीरपंथी भी शिरकत करेंगे। इसी तरह 7 फरवरी को केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप करेंगे। उन्होंने कहा कि 41वें राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी के समापन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि मेले में दो प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाएगा। इन प्रदर्शनियों में 100 से ज्यादा सरकारी और निजी संस्थाएं पहुंचनेंगे। इन प्रदर्शनियों में नई तकनीक देखने को मिलेगी और नई तकनीकी से किसानों तथा पशुपालनों को साइंस की नई तकनीकी का ज्ञान मिलेगा।

# साई की हॉकी, वॉलीबाल व साईक्लिंग गेम्स के लिए ट्रायल 11 से 13 फरवरी को

**कुरूक्षेत्र (दैनिक हाक):** भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र शाखा के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से कुरुक्षेत्र साई सेंटर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है। इस साई सेंटर के लिए आवासीय और गैर आवासीय योजना के तहत खाली सीटों पर खिलाड़ियों को रखा जाएगा। इसके लिए ट्रायल का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि साई सेंटर कुरुक्षेत्र में साइकिलिंग, हॉकी व वॉलीबॉल के लिए आवासीय व गैर आवासीय सीटों के लिए ट्रायल 11 से 13 फरवरी 2026 को लिए जाएंगे। इसमें हॉकी की दोनों योजनाओं के लिए ट्रायल होंगे। इसमें खिलाड़ी का जन्म एक जनवरी 2011 के बाद का होना चाहिए। इसके साथ ही वॉलीबाल की आवासी योजना में ट्रायल होंगे, इसमें खिलाड़ी का जन्म एक जनवरी 2010 के बाद का होना चाहिए और खिलाड़ी हाइट 190 सेंटीमीटर होनी चाहिए।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट, एन. रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप में 2086 मैन–डे (298 दिन) के लिए 07 डेटा एंट्री ऑपरेटरों की हायरिंग और साथ ही PC और प्रिंटर की खरीद।" | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 02.03.2026 प्रातः 11:45 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 04.02.2026 18:34 बजे |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 28,33,497.80/– सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 56,700/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | NIL (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 298 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 16.02.2026 | बोली समाप्ति तिथि | 02.03.2026 प्रातः 11:45 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं। | | |

सं.: 56/W/इलेक्ट/25–26/T/16/डीईओ की भर्ती 397/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड विदित)

GRIHUM HOUSING FINANCE Apna Ghar, Apni Pehchan.

पंजीकृत कार्यालय: 6वां तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रुनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014, शाखा कार्यालय: 2बी, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001

### ई–नीलामी बिक्री सूचना
सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री सरफैसी अधिनियम के अन्तर्गत

ई–नीलामी बिक्री सूचना सिक्योरिटाइजेशन और वित्तीय संपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ सार्वजनिक को और विशेष रूप से उधारकर्ता/ सह–उधारकर्ता/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** द्वारा बंधक रखी गई हैं, (जो कि 'सुरक्षित ऋणदाता' के रूप में अधिनियम के तहत संदर्भित किया जाता है), जिनकी कब्जा अधिकारिता सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 8 और 9 के साथ प्राप्त की गई है, और अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के बाद, उन्हें बेचा जाएगा।

बिक्री के विवरण: सुरक्षित संपत्तियाँ 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जैसा है', और 'जो कुछ है वही है' के आधार पर **09.03.2026** को ई–नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। यह सार्वजनिक को सूचित किया जाता है कि बिक्री https://www.bankeauctions.com. वेबसाइट पर प्रदान किए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। बिक्री के विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया GHFL के/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें: www.grihumhousing.com.

| क्र. सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम [ए] | मांग सूचना की तिथि एवं बकाया राशि [बी] | कब्जे का प्रकार [सी] | सम्पत्ति का विवरण [डी] | आरक्षित मूल्य [ई] | ईएमडी (आरक्षित मूल्य का 10%) [एफ] | ईएमडी प्रस्तुत करने की तिथि [जी] | वृद्धि बोली [ए] | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय [आई] | नीलामी की तिथि और समय [जे] | ज्ञात बंधन/कोर्ट मामले यदि कोई हों [के] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **लोन संख्या: LAP06822000000503947 मो. दानिश (ऋणधारक) मोहम्मद मुनव्वर (सह–ऋणधारक) नसीम जहाँ** | **सूचना तिथि: 11.11.2025 कुल बकाया: रू. 8,75,858/–** (रुपये आठ लाख पचहत्तर हजार आठ सौ अट्ठावन मात्र) **11.11.2025** तक भुगतान योग्य, साथ ही 17.85% वार्षिक ब्याज जो वास्तविकता तक लागू होगा। | **भौतिक** | सम्पत्ति का पूरा हिस्सा एवं भाग: वाणिज्यिक सम्पत्ति, दुकान संख्या 5/11, मोहल्ला मटकोटा टाउन देवबंद परगना एवं तहसील देवबंद, जनपद सहारनपुर। **चौहद्दी: पूरब:** विक्रेता की दुकान, **पश्चिम:** विक्रेता की दुकान, **उत्तर:** विक्रेता की दुकान, **दक्षिण:** 9'3" चौड़ा निजी रास्ता, **क्षेत्रफल: 12.69 वर्ग मीटर** | रु. 12,90,625.00/– (रुपये बारह लाख नब्बे हजार छह सौ पच्चीस मात्र) | रु. 1,29,062.50/– (रुपये एक लाख उन्तीस हजार बासठ एवं पचास पैसे मात्र) | **07.03. 2026 को सायं 5 बजे से पहले** | 10,000/– | **04.03. 2026 को (प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक)** | **09.03. 2026 को (प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)** | **शून्य** |

इच्छुक बोलीदाता/खरीदारों को सूचित किया जाता है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी जांच स्वयं करें तथा अतिरिक्त शुल्क, बकाया राशि, और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों को स्पष्ट कर लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नीलामी प्रक्रिया से पहले इन सभी पहलुओं से संतुष्ट हैं। संपत्ति से संबंधित सभी कानूनी देनदारियाँ जैसे संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और अन्य बकाया राशि, यदि कोई हो, को सफल बोलीदाता द्वारा अदा किया जाएगा।

नीलामी प्रक्रिया के लिए आवश्यक पंजीकरण: इच्छुक बोलीदाता को पंजीकरण पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है और इसके लिए वे लॉगिन आईडी और पासवर्ड एडवांस में प्राप्त करेंगे, जो ई–नीलामी में भाग लेने के लिए आवश्यक है। पंजीकरण करने के लिए बोलीदाता को नीलामी सेवा प्रदाता C1 India Pvt Ltd से संपर्क करना होगा। सेवा प्रदाता का संपर्क विवरण: पता: प्लॉट नं 68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा–122003, हेल्पलाइन नंबर: 7291981124, 25, 26, ईमेल: Support@bankeauctions.com **सम्पर्क व्यक्ति: धरणी पी, ईमेल: dharani.p@c1india.com सम्पर्क नम्बर: 9948182222** । कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को **Earnest Money Deposit (EMD)** की राशि NEFT/RTGS/DD के माध्यम से **"GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED & AUCTION PROCEEDS A/C"**, बैंक **ICICI BANK LTD** में जमा करनी होगी। खाता संख्या: 091501000028 IFSC कोड: ICIC0000915 शाखा: ICICI Bank Ltd, पंचशील टेक पार्क, नियर गणपति चौक, 43/44 विमान नगर- 411014 यह राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **07.03.2026** तक जमा करनी होगी और बोलीदाता को **https//www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा, नि:शुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा तथा सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का प्रशिक्षण भी प्राप्त करना होगा। पंजीकरण के बाद, बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति अपलोड करनी होगी और स्वयं प्रमाणित हार्ड कॉपी को निम्नलिखित पते पर भेजना होगा: **पता: पता: द्वितीय तल, एचडीएफसी बैंक के पास, मोहल्ला मीका विहार, मुजफ्फरनगर- 251001, उत्तर प्रदेश, मोबाइल नं.: +91 8281138143, ई-मेल आईडी: p.adith@grihumhousing.com, ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम एवं शर्तों की अधिक जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट देखें: https://www.bankeauctions.com एवं www.grihumhousing.com और ई-नीलामी में भाग लें।**

**यह सूचना 30 दिन (तीस) का नोटिस के रूप में माना जाए, जैसा कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत ऋणधारक/ सह-ऋणधारक/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को दिया गया है।**

यदि किसी भी स्थिति में स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचारपत्र के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है, तो The Hawk में प्रकाशित अंग्रेजी समाचारपत्र की सामग्री को मान्य माना जाएगा।

तिथि: 06.02.2026 स्थान: सहारनपुर

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड